फिर क्या हुआ

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी
पाठ : ४
पाठ का नाम : फिर क्या हुआ
PPT-2

4 फिर क्या हुआ?

चिंतन-मनन

मन में आने वाले प्रश्नों के उत्तर जानने चाहिए लेकिन ऐसा करते समय हमें दूसरों की सुविधा को भी ध्यान में रखना चाहिए।



एक बार अकबर बीमार पड़ गए। बीमारी के कारण वे रात-रात भर जागते रहते। नींद उनसे कोसों दूर भाग गई थी। राजवैद्य ने कई दवाइयाँ व उपाय आज़मा लिए, पर कोई लाभ नहीं हुआ। सारी दुनिया रात में सोती और बादशाह अकबर जागते। अकबर को तो वैसे ही किस्से-कहानियाँ सुनने का बड़ा शौक था, उस पर अब समय काटना भी मुश्किल हो रहा था। अतः अकबर ने रोज़ रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया।

इस तरह प्रतिदिन रात को कोई-न-कोई दरबारी आकर अकबर को कहानी सुनाने लगा। अकबर हर कहानी के अंत में बार-बार पूछते–'फिर क्या हुआ?' दरबारी परेशान रहने लगे और बीरबल से इस समस्या का उपाय निकालने के लिए कहने लगे।

शब्दर्थ –

मुश्किल = कठिन।
उपाय = तरीका।
परेशान = हैरान।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

संबंधित प्रश्न –

१.चतुराई से समस्या का समाधान करने में किस कहानी को याद किया जाता है?

२. इस कहानी में बादशाह अकबर को किस बात की धुन सवार हो गई थी ?

३. उचित शब्दों से खाली स्थान भरिए –

१. सारी -------- रात में सोती और -------- ---------- जागते ।

४. विलोम शब्द लिखिए –

१. मुश्किल x ------------

२. रात x -------------

५. वाक्य बनाओ - प्रतिदिन --------------------------------

परेशान ---------------------------------

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अगली रात अकबर को कहानी सुनाने स्वयं बीरबल पहुँचे। नियमानुसार कहानी समाप्त होते ही अकबर पूछ उठे–'फिर क्या हुआ? बीरबल ने उन्हें एक और कहानी सुना दी, लेकिन इसके अंत में भी फिर से अकबर पूछ बैठे–'फिर क्या हुआ?' बीरबल परेशान हो गए। फिर बीरबल ने उन्हें एक और कहानी सुनानी शुरू की–

''जहाँपनाह, एक जंगल में एक झोंपड़ी में एक गरीब किसान रहता था। वह बहुत बहादुर था, इसलिए उसे बीहड़ जंगल में भी अकेले रहते डर नहीं लगता था। उसने झोंपड़ी के आस-पास की उपजाऊ भूमि पर धान बो दिया था। फ़सल अच्छी हुई, पर अकसर पक्षी अनाज के दाने मुँह में दबाकर ले जाते थे। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए किसान ने एक बड़े से मटके में अनाज भरा और उसका मुँह बंद कर दिया। मटके में बाईं तरफ़ एक छोटा-सा छेद कर दिया। अब एक पक्षी आया और छेद के अंदर से अनाज के दाने अपनी चोंच में दबाने की कोशिश करने लगा।''



''फिर क्या हुआ?''–अकबर ने पूछा।

''फिर क्या! उसे बहुत कोशिश करनी पड़ी। आखिर में छेद कुछ बड़ा हुआ और उसकी चोंच में एक दाना आ गया।''

"फिर क्या हुआ?"

"फिर वह उड़ गया।"

शब्दार्थ –

स्वयं = अपने - आप ।

नियमानुसार = नियम के अनुसार ।

बीहड़ = घना ।

उपजाऊ = कृषि के लिए उपयुक्त ।

संबंधित प्रश्न

१. रोज़ रात को कहानी सुनाने की आदत से छुटकारा पाने के लिए बादशाह को किसने कहानी सुनाई ?
२. बीरबल ने बादशाह को किसकी कहानी सुनाई ?
३. किसान ने अपने उपजाऊ ज़मीन में कौन -सा अनाज बो दिया ?
४. कहानी में किस प्रकार के मटके में से पक्षी दाना चुगने की कोशिश कर रहे थे ?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow